# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Wednesday, 23 September 2026**


## ईरान मे आया भूकंप, परमाणु हथियार टेस्ट की अटकले तेज ! जानिए क्या है सच्चाई ।


Publisher — Published on 21 Jun 2025




# ईरान के सेमनान क्षेत्र मे आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, परमाणु परीक्षण की अटकलों ने बढ़ाई हलचल ; विशेषज्ञ बोले- यह प्राकृतिक आपदा थी, न कि न्यूक्लियर टेस्ट ।

**तेहरान : ईरान** और **इजरायल** के बीच जारी सैन्य तनाव के बीच शुक्रवार, **20 जून 2025** को उत्तरी ईरान के **सेमनान क्षेत्र मे 5.1 तीव्रता का भूकंप** आया। यह इलाका वही है जहां ईरान के मिसाइल और **अंतरिक्ष कार्यक्रम** से जुड़े कई प्रमुख सैन्य ठिकाने मौजूद हैं। ऐसे में भूकंप के बाद सोशल मीडिया पर **परमाणु हथियार परीक्षण** की अटकलें तेज हो गई हैं।

**भूकंप या परमाणु परीक्षण ?**
रिपोर्ट के अनुसार **भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर थी** और यह सेमनान शहर से **27 किमी दक्षिण-पश्चिम** में आया। यह इलाका ईरान की सेना द्वारा संचालित **मिसाइल** और **अंतरिक्ष केंद्रों** के बेहद करीब है। इससे ये आशंका तेज हो गई कि कहीं यह गुप्त परमाणु परीक्षण तो नहीं था ?

हालांकि विशेषज्ञों और भूकंपविज्ञानियों ने इन अटकलों को गलत बताया है।

क्या कहती हैं वैज्ञानिक संस्थाएं ?

**US Geological Survey (USGS)**
**Comprehensive Nuclear-Test-Ban Treaty Organization (CTBTO)**
**स्वतंत्र भूकंपविज्ञानी**

इन सभी ने अपने विश्लेषण में स्पष्ट किया है कि भूकंपीय तरंगें एक प्राकृतिक गतिविधि को दर्शाती हैं, न कि भूमिगत विस्फोट या परमाणु परीक्षण को। रिपोर्ट के अनुसार, यह एक सामान्य प्राकृतिक भूकंप था।

**ईरान : भूकंप का इतिहास और भौगोलिक स्थिति**
**ईरान दुनिया के सबसे भूकंपीय रूप से सक्रिय देशों मे गिना जाता है**। इसका कारण है कि यह देश **अल्पाइन-हिमालयी भूकंपीय बेल्ट** में स्थित है, जहां अरब और यूरेशियन प्लेटें आपस में टकराती हैं।
**सालाना औसतन 2,100 भूकंप**
**हर साल 15 से 16 भूकंप की तीव्रता 5.0 या उससे ज्यादा**
**2006 से 2015 तक आए 96,000 से ज्यादा भूकंप**

**राजनीतिक संदर्भ: परमाणु नीति पर तेहरान का सख्त रुख**
भूकंप से एक दिन पहले ही तेहरान ने कहा था कि वह **परमाणु कार्यक्रम** को लेकर किसी भी बातचीत के लिए तैयार नहीं है, जब तक कि इजरायल की ओर से खतरा बना हुआ है। यह बयान और **भूकंप की टाइमिंग** ने अटकलों को जन्म दिया।

फिलहाल वैज्ञानिक विश्लेषण यही संकेत दे रहा है कि यह **भूकंप प्राकृतिक था** और **परमाणु परीक्षण की कोई पुष्टि नहीं हुई है**। हालांकि क्षेत्र में तनावपूर्ण **माहौल** और सेना की गतिविधियों को देखते हुए **सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट** पर हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.